**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2021 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. दिनांक: 28.04.2021

**ज्ञापन**

**विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सरकारी कामकाज में मूल हिंदी टिप्पण आलेखन नगद पुरस्कार प्रतियोगिता।**

कृपया उपर्युक्त विषयक हिंदी अनुभाग के दिनांक 05.04.2020 के कार्या.ज्ञा. सं. 4-2/2019 (प्रोत्साहन)-हिं.अ. का अवलोकन करें जिसके तहत अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करने वाले संस्थान के सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उक्त प्रोत्साहन योजना के तहत दिनांक 01.04.2020 से 31.03.2021 तक की अवधि में किए गए अपने हिंदी कार्य के शब्दों की प्रमाणित संख्या तथा प्रमाण के रूप में नोटिंग/ड्राफ्ट की 5 फोटो प्रतियां मूल्यांकन हेतु सीधे ही हिंदी अनुभाग में दिनांक 20.04.2021 तक भेजनी अपेक्षित थी

**इस विषय में यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त प्रोत्साहन योजना के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 31 मई, 2021 तक आगे बढ़ा दी गई है।**

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक कर्मचारीगण/अधिकारीगण उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकें।

प्रेमसिंह 28.4.2021

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**वितरण**: सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि**:

- निदेशक/ संकायाध्यक्ष (शैक्षिक/ अनुसंधान/ परीक्षा)/ चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (प्रशासन)/ वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव/मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
- उप-निदेशक, कंप्यूटर सुविधा - इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

प्राप्ति / RECEIVED
कंप्यूटर सुविधा / Computer Facility
28 APR 2021
A.I.I.M.S., New Delhi-29